पत्रिका
डिजिटल कनेक्ट



## जयंती पर कार्यक्रमों का आयोजन

# स्त्री अधिकारों के लिए लड़ने वाली समाज सुधारिका थी फुले

**सरदारशहर.** सरस्वती बीएड कॉलेज में देश की पहली महिला शिक्षिका एवं समाज सुधारक सावित्री बाई फुले की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य वक्ता प्राचार्य डा.लोकेश शर्मा थे। संस्था के सचिव ओमप्रकाश सैनी, प्रवक्ता कविता मिश्रा, रेखा बेरवा, नेहा भोझक ने भी विचार व्यक्त किए संचालन प्रो.योगेश्वर शर्मा ने किया




## माल्यार्पण कर किया नमन

का
बाई
इस
फुले
गया
पुष्प
पर

# विद्यालय में नेत्रदान के पोस्टर का विमोचन



**सरदारशहर.** नेत्रदान एवं रक्तदान जन जागरण अभियान की ओर से 37 वें राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े के दौरान सरस्वती विद्यालय शिक्षण संस्थान में नेत्रदान के पोस्टर का विमोचन इन्डियन बैंक के शाखा प्रबन्धक हेमराज गजरा ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश के 10 प्रतिशत लोग भी मरणोपरांत नेत्रदान अपना ले तो कार्निया की कमी से नेत्रहीनता से ग्रस्त लोगों का जीवन रोशन हो सकता है। इस अवसर पर नेत्रदान एवं रक्तदान जनजागरण अभियान के जिला संयोजक एवं आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान के प्रतिनिधि डा.गणेशदास स्वामी ने नेत्रदान के बारे मे विस्तृत जानकारियां दी। सरस्वती विद्यालय के विकास सैनी, फूसाराम स्वामी, सुरेशकुमार मेघवाल, अध्यापिका सुलोचना, खुशबु पांडे, टीना सैनी, मीना शर्मा, मोहित, सम्पत, ज्योति ने भी विचार व्यक्त किए।

Scanned with OKEN Scanner

# चिंताजनक: 12 से 17 आयु के 67 प्रतिशत बच्चे नशे की चपेट में





**सरदारशहर.** सरस्वती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में शनिवार को नशे के खिलाफ जन जागरण अभियान के दौरान उपखण्ड अधिकारी पवन कुमार ने कहा कि देश की युवा पीढ़ी में बढ़ते नशे की प्रवृत्ति चिंताजनक है। भारत में 12 से 17 आयु वर्ग के सर्वाधिक 6 7 प्रतिशत बच्चे नशे की चपेट में आ रहे हैं। नशा एक ऐसी प्रवृत्ति है, जो शरीर को धीरे-धीरे गिरफ्त में लेता है। विधार्थियों को नशे से दूर रहना चाहिए। इस अवसर पर संस्था के निदेशक ओमप्रकाश सैनी ने कहा कि समाज के लिए नशा अभिशाप बन चुका है। युवा पीढ़ी को नशे के मकड़जाल से बचाना हर नागरिक का उत्तरदायित्व बनता है। सरकार एवं प्रशासन तब तक शहर को नशामुक्त नहीं कर सकता, जब तक जनता इस अभिशाप को मिटाने के लिए आगे आए। इस अवसर पर तहसीलदार हनुमानसिंह देवल, सीबीईओ अशोक पारीक, गणेशदास स्वामी, हरिप्रसाद प्रजापत, कीर्ति गोयल, डा.चन्द्रकला स्वामी आदि ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर एसडीएम ने महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। महाविद्यालय के प्राचार्य लोकेश कुमार शर्मा ने आभार व्यक्त किया। संचालन योगेश्वर शर्मा ने किया।

Scanned with OKEN Scanner

# सैनी को डॉक्टरेट की उपाधि मिली

05.02.22

सरदारशहर. सरस्वती विद्यालय शिक्षण संस्थान के सचिव ओमप्रकाश



सैनी को अंतरराष्ट्रीय संस्था गांधी पीस फाउंडेशन नेपाल की ओर से डॉक्टरेट की मानक उपाधि प्रदान की गई। गुरुवार को दिल्ली में आयोजित समारोह में सैनी के उनके द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में उलेखनीय योगदान के लिए उपाधि दी गई । समारोह में दिल्ली प्रदेश संत महामंडल के उपाध्यक्ष श्याम गिरी महाराज, गांधी पीस फाउंडेशन नेपाल के संस्थापक डॉ. लाल बहादुर ने सैनी को डॉक्टरेट की उपाधि, मेडल प्रदान कर सम्मानित किया।

Scanned with OKEN Scanner

भीगा समाचार, सरदारशहर

# शिविर में दिव्यांगो को 50 ट्राई साईकिल एवं अन्य उपकरण वितरण किए

सरदारशहर। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग चूरू एवं सरस्वती विद्यालय शिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शिविर में दिव्यांगों को नि:शुल्क ट्राईसाईकिल एवं अन्य उपयोगी सामग्री वितरण की गयी। शिविर का शुभारंभ एसडीएम मूलचंद लूणियां, पंस प्रधान सत्यनारायण सारण एवं पूर्व विधायक अशोक पींचा ने दीप प्रज्वलन कर किया।

शिविर में चिकित्सा विभाग, समाज कल्याण विभाग, उद्योग विभाग एवं रोड़वेज विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने मौके पर दिव्यांगों की जांच कर रोड़वेज यात्रा कार्ड, 45 चिकित्सा प्रमाण पत्र आदि बनाये। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक नरेश बारोठिया ने बताया कि शिविर में 50 ट्राई साईकिल, 25 व्हिलचेयर, 6 बेसाखी, 20 स्वर्ण यंत्र निशुल्क वितरण किए गए। शिविर में परविक्षा अधिकारी मोहम्मद असफाक, ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी चन्द्रप्रकाश, सरस्वती विद्यालय के सचिव ओमप्रकाश सैनी, संरक्षक ज्ञानीराम सैनी सहित विद्यालय के स्टाफ ने सहयोग प्रदान किया।

Scanned with OKEN Scanner

# पूर्व उपराष्ट्रपति शेखावत के जन्मदिन पर 300 यूनिट रक्तदान

## समाज सेवा के लिए सैनी का सम्मान

सरदारशहर। स्थानीय सरस्वती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के सचिव ओम प्रकाश



सैनी को समाज सेवा के क्षेत्र में उगेखनीय योगदान के लिए पूर्व उप राष्ट्रपति भैरोंसिंह शेखावत ने अपने 87वें जन्म दिवस के अवसर पर सैनी को पुष्पहार एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया उगेखनीय है कि सैनी गत वर्षों से सरदारशहर में आयोजित रक्तदान शिविरों में अपने परिवारजनों के साथ रक्तदान करने एवं शिविरों की व्यवस्थाओं में महत पूर्ण सहयोग प्रदान करने,रक्तदान शिविरों में अपने परिवारजनों के साथ रक्तदान करने एवं शिविरों की व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करने,रक्तदाताओं को प्रेरित करने मे महति भूमिका निभाते रहे है। जयपुर के इस भव्य समारोह में रा%य की 61 विभूतियों को को चिकित्सा,शिक्षा एवं समाज एवं समाज सेवा के क्षेत्र में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। सैनी के सम्मानित होने पर विभिन्न शिक्षण संस्थाओं एवं शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इन्हे बधाई दी। इस अवसर पर रा%य के अनेक पूर्व मंत्री,विधायकों सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस मौके पर राजस्थान रक्तदान आंदोलन के प्रमुख डॉ.अखिल शुक्ला के नेतृत्व में रा%य के तीन सौ से अधिक युवाओं ने रक्तदान कर शेखावत के दीर्घ आयु की कामना की।

Scanned with OKEN Scanner




सामा॰ न्याय एवं अधि॰ विभाग एवं सरस्वती विद्यालय शि॰ संस्थान, सरदारशहर के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क दिव्यांग उपकरण शिविर मे मंचस्थ - विकास अधिकारी जी, प्रधान पँस॰ सरदारशहर, सहायक निदेशक श्रीमान नरेश बारोलिया एवं संस्था संरक्षक श्री शान्तिलाल माली ।



सचिव
सरस्वती विद्यालय शिक्षण संस्थान
सरदारशहर (चूरू)

Scanned with OKEN Scanner



Scanned with OKEN Scanner

# चिंताजनक: 12 से 17 आयु के 67 प्रतिशत बच्चे नशे की चपेट में





**सरदारशहर.** सरस्वती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में शनिवार को नशे के खिलाफ जन जागरण अभियान के दौरान उपखण्ड अधिकारी पवन कुमार ने कहा कि देश की युवा पीढ़ी में बढ़ते नशे की प्रवृत्ति चिंताजनक है। भारत में 12 से 17 आयु वर्ग के सर्वाधिक 6 7 प्रतिशत बच्चे नशे की चपेट में आ रहे हैं। नशा एक ऐसी प्रवृत्ति है, जो शरीर को धीरे-धीरे गिरफ्त में लेता है। विधार्थियों को नशे से दूर रहना चाहिए। इस अवसर पर संस्था के निदेशक ओमप्रकाश सैनी ने कहा कि समाज के लिए नशा अभिशाप बन चुका है। युवा पीढ़ी को नशे के मकड़जाल से बचाना हर नागरिक का उत्तरदायित्व बनता है। सरकार एवं प्रशासन तब तक शहर को नशामुक्त नहीं कर सकता, जब तक जनता इस अभिशाप को मिटाने के लिए आगे आए। इस अवसर पर तहसीलदार हनुमानसिंह देवल, सीबीईओ अशोक पारीक, गणेशदास स्वामी, हरिप्रसाद प्रजापत, कीर्ति गोयल, डा.चन्द्रकला स्वामी आदि ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर एसडीएम ने महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। महाविद्यालय के प्राचार्य लोकेश कुमार शर्मा ने आभार व्यक्त किया। संचालन योगेश्वर शर्मा ने किया।

दिनांक 20 फरवरी 2022 को सरस्वती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सरदारशहर में छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति हेतु सतर्क किया गया। नशे से वर्तमान पीढ़ी के युवा वर्ग सें अत्यधिक ग्रस्त होते जा रहे हैं जिनको देखते हुए समाज के लिए नशा अभिशाप बन चुका है। युवा पीढ़ी को नशे के मकड़जाल से बचाना हर नागरीक का उत्तरदायित्व बनता है। सरकार एवं प्रशासन तब तक शहर को नशामुक्त नहीं कर सकता जब तक जनता इस अभिशाप को मिटाने के लिए आगे आए। कार्यक्रम में सचिव महोदय, प्राचार्य लोकेश शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner

मोबाइल 93142-45243

# सरस्वती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय

(राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् से मान्यता प्राप्त)

सरदारशहर-331403, जिला-चूरू (राजस्थान)

## कॉलेज में आयोजित रक्तदान एवं नेत्रदान शिवर का आयोजन

11 सितम्बर 2022 (रविवार) को सरस्वती शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय, सरदारशहर द्वारा रक्तदान शिविर के आयोजन के लिए नेत्रदान व र रक्तदान हेतु पोस्टर का विमोचन किया गया। मरीजों की मदद के लिए महाविद्यालय द्वारा शिविर का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में विद्यालय के वरिष्ठ विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। इसमें छात्रों के अलावा कई आम लोग भी शामिल हुए। इस शिविर से एकत्र रक्त सरकारी अस्पताल को दिया जाना था। शिविर में रक्तदान करने वालों के लिए महाविद्यालय की ओर से जलपान की व्यवस्था की गई थी। इस रक्तदान शिविर में भाग लेने वाले छात्रों और अन्य लोगों को प्रमाण पत्र और एक छोटा उपहार बांट दिया गया। पूरी प्रक्रिया पर नजर रखने और रक्त एकत्र करने के लिए पांच डॉक्टरों की एक टीम को नियुक्त कि गयी। स्कूल ने रक्तदान के बाद चक्कर या बीमार महसूस करने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए विश्राम कक्ष की भी व्यवस्था की थी। रक्तदान शिविर के आयोजन में महाविद्यालय की मदद के लिए एक स्थानीय क्लब के स्वयंसेवक भी आए थे। नेत्रदान हेतु फॉर्म भरवाये गये। रक्तदान के समापन के बाद प्राचार्य ने शिविर में उपस्थित सभी लोगों को धन्यवाद दिया और उनकी सराहना की हार्दिक धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।



चूरू पत्रिका SUNDAY

राजस्थान पत्रिका चूरू, रविवार, 11 सितम्बर 2022

### विद्यालय में नेत्रदान के पोस्टर का विमोचन

सरदारशहर. नेत्रदान एवं रक्तदान जन जागरण अभियान की ओर से 37 वें राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े के दौरान सरस्वती विद्यालय शिक्षण संस्थान में नेत्रदान के पोस्टर का विमोचन इन्डियन बैंक के शाखा प्रबन्धक हेमराज गुजरा ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश के 10 प्रतिशत लोग भी मरणोपरांत नेत्रदान अपना लें तो कार्निया की कमी से नेत्रहीनता से ग्रस्त लोगों का जीवन रोशन हो सकता है। इस अवसर पर नेत्रदान एवं रक्तदान जनजागरण अभियान के जिला संयोजक एवं आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान के प्रतिनिधि डा.गणेशदास स्वामी ने नेत्रदान के बारे में विस्तृत जानकारियां दी। सरस्वती विद्यालय के विकास सैनी, फूसाराम स्वामी, सुरेशकुमार गेधवाल, अध्यापिका सुलोचना, खुशबू पांडे, टीना सैनी, मीना शर्मा, मोहित, सम्पत, प्रीति ने भी विचार व्यक्त किए।

प्राचार्य

सरस्वती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय

सरदारशहर

Scanned with OKEN Scanner

सरस्वती शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय, परीसर में नि:शुल्क योग शिविर का आयोजन किया गया जो कि पतंजली योग समिति के संयुक्त तत्वधान में आयोजित किया गया जिनमें महाविद्यालय व अन्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं को योग सिखाते हुए योग की महत्ता को बताया गया। जिनमें सभी छात्रों ने योग से अपने शरीर को स्वस्थ रखने हेतु। योग के लाभों को जाना।






# स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

सन् 2019 में सरस्वती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सरदारशहर द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर श्रीमती नानूदेवी स्वामी बरड़ासर की पुण्य स्मृति में आयोजित रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं आमजन ने रक्तदान किया गया। लगभग 150 जनों ने रक्तदान किया। महाविद्यालय के सचिव ओमप्रकाश सैनी ने रक्तदान महादान के बारे में बताते हुए ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करने हेतु प्रेरित किया व सभी पधारे हुए दानों का आभार व्यक्त किया गया।

सरस्वती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सरदारशहर
No.......




प्राचार्य
सरस्वती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय
सरदारशहर

Scanned with OKEN Scanner